बिहार सरकार
मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–**cm-774**
05/11/2026

मुख्यमंत्री ने छठ महापर्व – 2026 की तैयारियों को लेकर छठ घाटों का किया निरीक्षण, छठ व्रतियों की सुविधाओं को लेकर दिया निर्देश

निर्देश :–

- छठ महापर्व–2026 को देखते हुए गंगा घाटों पर सारी तैयारियां पूरी करें। गंगा नदी के जलस्तर एवं प्रवाह को देखते हुये छठ घाटों के पास सुरक्षा के दृष्टिकोण से मजबूत बैरिकेडिंग करायें।
- छठ पूजा के दौरान माइकिंग के माध्यम से छठ घाटों पर की गई व्यवस्थाओं एवं अन्य सूचनाओं के संबंध में छठ व्रतियों एवं श्रद्धालुओं को लगातार जानकारी दी जाए।
- छठ घाटों तक छठ व्रतियों एवं श्रद्धालुओं के पहुंचने के लिए सुगम ट्रैफिक व्यवस्था कराएं ताकि छठ व्रतियों को आवागमन में किसी प्रकार की असुविधा न हो। साफ–सफाई एवं स्वच्छता को लेकर किसी प्रकार की कोताही न हो।
- मुख्यमंत्री को अधिकारियों ने जानकारी देते हुये बताया कि पटना में गंगा नदी पर कुल 103 घाट हैं, जिसमें 91 सुरक्षित घाट हैं, 5 खतरनाक घाट हैं तथा 7 घाटों पर काम जारी है।

पटना, 05 नवम्बर 2026 :– मुख्यमंत्री श्री सम्राट चौधरी ने आज लोक आस्था के महापर्व छठ–2026 की तैयारियों को लेकर गंगा नदी के छठ घाटों का निरीक्षण किया। उन्होंने स्टीमर द्वारा नासरीगंज घाट से कलेक्ट्रीयेट घाट, गांधी घाट, पहलवान घाट, गुलबी घाट, चौधरी टोला घाट, पथरी घाट और गायघाट से भद्र घाट होते हुए महावीर घाट तक के विभिन्न गंगा घाटों का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने छठ घाटों की सफाई, सुरक्षा एवं स्वच्छता के संबंध में अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि छठ महापर्व को देखते हुए गंगा घाटों पर सारी तैयारियां पूरी कर ली जाएं। छठ व्रतियों को अर्घ्य देने में कोई परेशानी न हो, इसकी व्यवस्था सुनिश्चित करें। गंगा नदी के जलस्तर एवं प्रवाह को देखते हुये छठ घाटों पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम रखें। छठ घाटों के पास सुरक्षा के दृष्टिकोण से मजबूत बैरिकेडिंग करायें। घाटों के पहुँच पथ एवं गंगा नदी के किनारे की सड़कों के पास भी छठ व्रतियों के सुचारू आवागमन हेतु बैरिकेडिंग करायें। उन्होंने कहा कि

छठ पूजा के दौरान माइकिंग के माध्यम से छठ घाटों पर की गई व्यवस्थाओं एवं अन्य सूचनाओं के संबंध में छठ व्रतियों एवं श्रद्धालुओं को लगातार जानकारी दी जाए। छठ घाटों तक छठ व्रतियों एवं श्रद्धालुओं के पहुंचने के लिए सुगम ट्रैफिक व्यवस्था कराएं ताकि छठ व्रतियों को आवागमन में किसी प्रकार की असुविधा न हो। छठ घाटों पर साफ–सफाई की भी पूरी व्यवस्था रखें।

निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को बताया कि पटना में गंगा नदी पर कुल 103 घाट हैं, जिसमें 91 सुरक्षित घाट हैं, 5 खतरनाक घाट हैं तथा 7 घाटों पर काम जारी है। छठ व्रतियों एवं श्रद्धालुओं के लिए छठ घाटों पर सारी तैयारियां की जा रही हैं। उपलब्ध कराए जा रही नागरिक सुविधाओं के तहत 552 अस्थायी शौचालय, 450 अस्थायी यूरिनल, 400 अस्थायी चेंजिंग रूम, 13 यात्री शेड और 171 वॉच टावर बनाए गए हैं। छठ घाटों पर पटना नगर निगम, नगर परिषद दानापुर एवं अन्य विभागों/कार्य एजेंसियों द्वारा की जा रही आवश्यक व्यवस्थाओं तथा सुरक्षात्मक प्रबंध के निरीक्षण, पर्यवेक्षण एवं अनुश्रवण हेतु 21 सेक्टर गठित कर पदाधिकारियों एवं अन्य कर्मियों की प्रतिनियुक्ति की गई है। पटना नगर निगम के द्वारा 92 घाट एवं 103 तालाब (37 कृत्रिम एवं 66 स्थायी) को छठ महापर्व–2026 के लिए तैयार किया जा रहा है।

निरीक्षण के दौरान उपमुख्यमंत्री श्री विजय कुमार चौधरी, उपमुख्यमंत्री श्री बिजेंद्र प्रसाद यादव, सहकारिता मंत्री श्री राम कृपाल यादव, विधायक श्री रत्नेश कुमार, विधायक श्री संजय कुमार, पटना की महापौर श्रीमती सीता साहू, मुख्य सचिव श्री प्रत्यय अमृत, आपदा प्रबंधन विभाग के प्रधान सचिव श्री संतोष कुमार मल्ल, गृह विभाग के प्रधान सचिव श्री पंकज कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव श्री लोकेश कुमार सिंह, स्वास्थ्य विभाग के सचिव कुमार रवि, मुख्यमंत्री के सचिव श्री संजय कुमार सिंह, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग के सचिव बी0 कार्तिकेय धनजी, जल संसाधन विभाग के सचिव डॉ0 चंद्रशेखर सिंह, नगर विकास एवं आवास विभाग के सचिव श्री अनिमेष कुमार पराशर, साउथ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड के प्रबंध निदेशक श्री सौरभ जोरवाल, पटना नगर निगम के आयुक्त श्री यशपाल मीणा, जिलाधिकारी श्री कुंदन कुमार, वरीय पुलिस अधीक्षक श्री कार्तिकेय के० शर्मा सहित अन्य अधिकारीगण और गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

******